# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

(परमाणु ऊर्जा विभाग का स्वायत्त निकाय, भारत सरकार)

# ATOMIC ENERGY EDUCATION SOCIETY

(An Autonomous Body Under Department of Atomic Energy, Government of India)

एस के लाहिड़ी
सचिव

S K Lahiri
Secretary


आदरणीय शिक्षकों,

इस विशेष अवसर पर मैं आप सभी के प्रति अपनी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त करना चाहता हूँ। आज, हम न केवल शिक्षण कार्य का सम्मान करते हैं, बल्कि हमें गर्वानुभूति हो रही है कि आप में से प्रत्येक का अपने विद्यार्थियों के जीवन पर गहरा प्रभाव है। मैं इस अवसर पर अपने शिक्षकों को भी श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूँ, जिनकी वजह से मैं आज इस मुकाम पर हूँ।

शिक्षण केवल एक नौकरी नहीं है; यह एक आह्वान है, आपके संरक्षण में सौंपे गए युवा दिमागों को पोषित करने, प्रेरित करने और मार्गदर्शन करने का एक मिशन है। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि यद्यपि हम सभी परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालयों के समग्र परिणाम से संतुष्ट हैं, लेकिन आने वाले सत्र में ठोस प्रयासों से शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ाने की और भी गुंजाइश है।

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था प्रबंधन द्वारा प्रणाली के समग्र विकास और उन्नयन के लिए कुछ शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रस्ताव लिए जा रहे हैं, जैसे,

i. परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय-4 मुंबई में अवधारणा संवर्धन कक्षाओं की पायलट परियोजना और परमाणु ऊर्जा कनिष्ठ महाविद्यालय, मुंबई में हैंडहोल्डिंग कक्षाएँ।
ii. सभी विद्यालयों की प्रयोगशालाओं का उन्नयन।
iii. प्रति विद्यालय पाँच फ्लैट पैनल की खरीद।
iv. भर्ती नियमों की समीक्षा।
v. नियमित शिक्षकों की भर्ती।
vi. ई ऑफिस और ईआरपी का कार्यान्वयन।
vii. पीयूवीवीएन दिशानिर्देशों की समीक्षा।
viii. अनुबंध शिक्षकों आदि के पैनल के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन।

हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था परिवार का विस्तार हो रहा है। आगामी शैक्षणिक वर्ष में दो नए विद्यालय, एक परमाणु ग्राम कोटा में और दूसरा नाईजर भुवनेश्वर में स्थापित किए जाएंगे। 2025 मे प.ऊ.के.वि. ऑसकॉम में बालवाटिका कक्षाएँ शुरू होंगी।

जैसा कि हम शिक्षक दिवस 2024 मनाते हैं, आपको उस शक्ति की याद दिलाना अनिवार्य है जो आपके पास है, वह है प.ऊ.शि.सं. को बदलने की शक्ति। मैं आपसे प.ऊ.के.विद्यालयों को देश के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों की शृंखला में शीर्ष स्थान पर रखने हेतु आग्रह करता हूँ। आज, मैं आपको अपने द्वारा किए गए और आगे भी किए जाने वाले अविश्वसनीय प्रभाव पर चिंतन करने के लिए एक क्षण लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। यह जान लें कि आपके प्रयास अनदेखे नहीं जाते; उनकी सराहना शब्दों से परे है, और यही आपका समर्पण है जो हमारी सामूहिक सफलता को आगे बढ़ाता है।

आपकी अटूट प्रतिबद्धता, आपकी रचनात्मकता और शिक्षा के प्रति आपके जुनून के लिए धन्यवाद। आप हर दिन बदलाव ला रहे हैं और इसके लिए हम सभी आपके बहुत आभारी हैं। आपका जुनून, धैर्य और दृढ़ता एक बेहतर कल की नींव रखे।

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!

अतिशय सराहना और कृतज्ञता के साथ।

शांता कुमार लाहिड़ी
(एस के लाहिड़ी)


परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, केंद्रीय कार्यालय, वेस्टर्न सेक्टर, अणुशक्तिनगर, मुंबई - 400094

Atomic Energy Education Society, Central Office, Western Sector, Anushaktinagar, Mumbai - 400094

दूरभाष/Telephone: 91-22-2555 6468, ई-मेल / E-mail: secretary@aees.gov.in/sklahiri@barc.gov.in

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

(परमाणु ऊर्जा विभाग का स्वायत्त निकाय, भारत सरकार)

# ATOMIC ENERGY EDUCATION SOCIETY

(An Autonomous Body Under Department of Atomic Energy, Government of India)

एस के लाहिड़ी
सचिव

**S K Lahiri**
**Secretary**


Dear Teachers,

On this special day, I like to extend my heartfelt appreciation and admiration to each of you. Today, we honor not just the profession, but the profound impact that each of you has on the lives of your students and the broader community. I also take this opportunity to pay tribute to my teachers because of whom I am where I am today.

Teaching is not just a job; it's a calling—a mission to nurture, to inspire, and guide the young minds entrusted to your care. I like to let you know that though we are satisfied with the overall result of all AEC Schools, there is further scope of elevating the academic excellence in the coming session with concerted efforts.

Some academic and administrative proposals are being taken up by AEES management for overall growth and upgradation of the system viz,

i. Pilot project of concept enrichment classes at AECS 4 Mumbai & handholding classes at AEJC, Mumbai.
ii. Upgradation of labs of all schools.
iii. Procurement of five flat panels per school.
iv. Review of recruitment rules.
v. Recruitment of regular teachers.
vi. Implementation of E Office and ERP.
vii. Review of PUVVN Guidelines.
viii. Revision of guidelines for empanelment of contract teachers etc.

We are proud to announce that AEES family is expanding. Two new schools, one in Parmanu Gram Kota and the other in NISER Bhubaneshwar will be set up in the forthcoming academic year. Balvatika classes will start in AECS Oscom in 2025.

As we celebrate Teachers' Day 2024, it is imperative to remind you of the power you hold—the power to transform AEES. I urge you to bring AEC Schools under the best chain of schools in the country. Today, I encourage you to take a moment to reflect on the incredible impact you have had and will continue to have. Know that your efforts do not go unnoticed; they are appreciated more than words can express, and it is your dedication that drives our collective success.

Thank you for your unwavering commitment, your creativity, and your passion for education. You are making a difference every single day, and for that, we are all deeply grateful. May your passion, patience, and perseverance, lay the foundation for a better tomorrow.

Happy Teachers' Day!

With profound respect and gratitude,

Shankar Kumar Lahiri

(S K Lahiri)


परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, केंद्रीय कार्यालय, वेस्टर्न सेक्टर, अणुशक्तिनगर, मुंबई - 400094

**Atomic Energy Education Society, Central Office, Western Sector, Anushaktinagar, Mumbai - 400094**

दूरभाष/Telephone: 91-22-2555 6468, ई-मेल / E-mail: secretary@aees.gov.in/sklahiri@barc.gov.in